卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 214 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦11 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# सैनिकों का बलिदान हमारी अनमोल विरासत: धामी

## ऑपरेशन सिंदूर' के एक वर्ष पूर्ण होने पर सैनिकों के शौर्य को किया नमन,शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

देहरादून।'ऑपरेशन सिंदूर -शौर्य, सम्मान और वीरता' के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में देशभक्ति, सैन्य पराक्रम और वीर सैनिकों के सम्मान का भावनात्मक संगम देखने को मिला। समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्र रक्षा में सैनिकों की भूमिका को विस्तार से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों, पूर्व सैनिकों और सैन्य परिवारों का सम्मान भी किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड केवल देव भूमि ही नहीं बल्कि वीरभूमि भी है। यहां की मिट्टी में शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति रची बसी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सैनिकों ने हमेशा देश की सीमाओं की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया है




और उत्तराखंड की पहचान सैनिकों के साहस एवं समर्पण से ही मजबूत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक कभी पूर्व सैनिक नहीं होता, वह जीवनभर सैनिक ही रहता है और उसका सम्मान हमेशा सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री धामी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने जिस साहस और रणनीतिक कौशल के साथ दुश्मनों को जवाब दिया, वह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। पहले देश रक्षा सामग्री का आयात करता था, लेकिन अब भारत ब्रह्मोस और आकाश जैसी आधुनिक मिसाइलें बनाकर दुनिया को अपनी सैन्य क्षमता का परिचय दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को करारा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान एवं कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने सैनिक कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन, वीरता पुरस्कार राशि में वृद्धि, पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में छूट, सैनिक परिवारों को आर्थिक सहायता तथा अन्य कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार सैनिक परिवारों के साथ मजबूती से (शेष पृष्ठ सात पर)

## चारधाम यात्रा से लौट रही बस पलटी,सात घायल

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। बदरीनाथ से हरिद्वार लौट रही यात्रियों से भरी एक बस रविवार शाम बदरीनाथ हाईवे पर शिवपुरी क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सात यात्री घायल हो गए, जबकि बस में सवार अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंच गई तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।जानकारी के अनुसार बस संख्या यूके 14 पीए 0605 बदरीनाथ से हरिद्वार की ओर जा रही थी। बस जब मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी स्थित कलथरी डंपिंग प्वाइंट के पास पहुंची तो



चलते समय चालक की ओर की खिड़की खुल गई। बताया जा रहा है कि चालक खिड़की को बंद करने का प्रयास कर रहा था, तभी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा तफरी फैल गई।घटना की सूचना मिलते ही थाना मुनिकीरेती पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में घायल सात यात्रियों को 108 एंबुलेंस की मदद से राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया। पुलिस के अनुसार बस में चालक और परिचालक समेत (शेष पृष्ठ सात पर)

## फंदे पर लटका मिला भाजपा नेता के पुत्र का शव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में भाजपा नेता के बेटे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर पंखे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार रविवार रात नरेंद्र ग्रोवर ने आदर्श कॉलोनी चौकी में सूचना दी कि उनके दामाद कपिल देव उर्फ शेरा पुत्र सतनाम सिंह निवासी वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर 30 ने घर के अंदर फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा



रहा है कि जब परिजनों को कपिल के कमरे से कोई हलचल सुनाई नहीं दी तो उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन कमरा अंदर से बंद था। इस पर कपिल के भाई तरुण उर्फ सन्नी ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर का दृश्य देखकर परिवार के होश उड़ गए। कपिल गुलाबी रंग के दुपट्टे के फंदे से पंखे पर लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारा और उसकी सांसें चलने की उम्मीद में बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मृतक का शव वैष्णो देवी मंदिर के सामने बरामदे में चादर से ढका (शेष पृष्ठ सात पर)

## बुटीक की आड़ में चल रहा था चरस तस्करी का नेटवर्क

### दस लाख की चरस सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में कपड़ों की सिलाई और बुटीक संचालन की आड़ में चल रहे नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क का पुलिस ने खुलासा किया है। नैनीताल पुलिस, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने दमुवाढूंगा क्षेत्र स्थित एक बुटीक पर छापेमारी कर 5 किलो 02 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि दमुवाढूंगा के देवखड़ी क्षेत्र में स्थित डी फैशन बुटीक से अवैध नशे का कारोबार संचालित किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए नैनीताल पुलिस, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने रविवार को बुटीक में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बुटीक के अंदर से 5 किलो 02 ग्राम चरस बरामद की। अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया कि चरस की यह खेप बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र से हल्द्वानी लाई गई थी और इसे शहर समेत आसपास के इलाकों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रवीण आर्या पुत्र निवासी देवखड़ी दमुवाढूंगा उम्र 50 वर्ष शामिल है, जो डी फैशन बुटीक का संचालक बताया जा रहा है। दूसरा आरोपी बलवन्त सिंह निवासी ग्राम तीख कपकोट जिला बागेश्वर उम्र 44 वर्ष है, जिसे चरस सप्लायर बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार(शेष पृष्ठ 7 पर)

## धर्मांतरण मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में ऊधमसिंह नगर पुलिस धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मामलों पर गंभीरता और सख्ती के साथ



कार्यवाही कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि लालच, भय या दबाव के जरिए धर्म परिवर्तन कराने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। हाल ही में जनपद में धर्मांतरण से संबंधित तीन अलग-अलग प्रकरण सामने आए हैं। प्रथम प्रकरण में खटीमा निवासी रामपाल की तहरीर पर जय सिंह राणा, द्रोपती राणा एवं पास्टर सुनील जार्ज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि प्रार्थना सभाओं के माध्यम से हिंदू धर्म के (शेष पृष्ठ सात पर)

## तेज हुई 'पहाड़ पर परचम' लहराने की 'सियासी जद्दोजहद'

### पहाड़ पर पकड़ बनाए रखने की भाजपाई किले बंदी के बीच कांग्रेस की पहाड़ पर दस्तक,कांग्रेस और भाजपा के महारथी चढ़े पहाड़

-अर्श-

देहरादून। सत्ताइस के राजनीतिक महाभारत की बिसात उत्तराखंड के पहाड़ों पर अभी से बिछनी आरंभ हो गई है। कांग्रेस की राज्य प्रभारी कुमारी शैलजा ना केवल पहाड़ पर दस्तक दे दी है, बल्कि इन दिनों गढ़वाल के पहाड़ी रास्तों की खाक भी छान रहीं हैं, दूसरी ओर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी प्रमुख विपक्षी दल की सम्भावित सेंधमारी को लेकर पहले से ही सतर्क है और उसकी काट के लिए गढ़वाल में जमे हुए हैं। गढ़वाल मंडल में सत्ताधारी भाजपा के समक्ष जहां अपनी किलेबंदी को अभेद बनाए रखने की बड़ी चुनौती है ,वहीं कांग्रेस उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और पौड़ी जैसे पहाड़ी जिलों में शून्य का पहाड़ तोड़ने के लिए कमर कस रही है। ज्ञात हो कि पिछले विधानसभा में चुनाव में उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल ने जहां भाजपा को तकरीबन बहुमत के करीब ला खडा किया था,वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस गढ़वाल मंडल के पौड़ी, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में अपना खाता तक नहीं खोल पाई थी। स्मरणीय है कि बाइस के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गढ़वाल मंडल की 41




विधानसभा सीटों में से 29 सीटों पर अपना परचम लहराया था और कांग्रेस के हिस्से चमोली, टिहरी, देहरादून में एक-एक और हरिद्वार जिले में पांच सीटें साहित कुल 8 सीट ही आ सकी थीं, शेष चार सीटों में बसपा और निर्दलीय ने कब्जा कर लिया था। जहां तक कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा के गढ़वाल दौरे का सवाल है ,तो वे बदरी-केदार के दर्शन करने के साथ ही पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली और टिहरी में पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक ले रही हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ ही एक विपक्ष के तौर पर मुद्दों को धार देने के तरीके सुझा रही हैं, ताकि आगामी चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो सके। दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का दौरा भी पौड़ी से शुरू होकर रुद्रप्रयाग, चमोली होते हुए जोशीमठ के सुदूर क्षेत्रों तक हुआ है। इस दौरान उन्होंने चुनाव प्रबंधन से जुड़े विषयों पर कार्यकर्ताओं से बात की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जोर इस बात पर है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में गढ़वाल मंडल अन्तर्गत भाजपा का जो प्रदर्शन था, इस बार उसमें और ऐतिहासिक उछाल लाया गया जाए। खबर है कि इसके लिए पार्टी के अन्य नेता भी जल्द ही गढ़वाल मंडल के सुदूर बूथों का दौरा करने की तैयारी में है। हालांकि विधानसभा चुनाव में अभी समय है ,लेकिन भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों के ताजा राजनीतिक दौरे से पहाड़ की राजनीतिक हवा अभी से गर्म हो चली है।

# दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग देकर भारत विकास परिषद ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

## कार्यक्रम में ६३ दिव्यांगजनों को 87 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरित किए गए

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा सिटी क्लब रुद्रपुर में कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 63 दिव्यांगजनों को 87 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा विक्रमजीत सिंह लाल महंत गुरुद्वारा अमृत सागर डेरा भजनगढ़ रुद्रपुर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं सेवा भावी चिकित्सक डॉ गुरसिमरत सिंह चीमा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रान्तीय अध्यक्ष मनोज अरोरा एवं प्रान्तीय संयोजक दिव्यांग सहायता विरेन्द्र सुखीजा भी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम् के साथ हुआ। इसके बाद परिषद की परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम परिचय प्रस्तुत करते हुए विवेकानन्द सेवा केंद्र के कोषाध्यक्ष विमल अरोरा ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा कई वर्षों से दिव्यांग सहायता सेवा कार्य निरंतर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016, 2019 एवं 2022 में आयोजित बड़े शिविरों में क्रमशः 146, 219 एवं 251 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए थे।उन्होंने बताया कि सत्र 2024 25 से बड़े शिविरों के स्थान पर छोटे एवं नियमित शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए विवेकानन्द सेवा केंद्र का गठन किया गया। सेवा केंद्र के संचालन हेतु अंकुर अग्रवाल द्वारा निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराया गया है, जहां दिव्यांगजनों के माप लिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि स्थापना वर्ष 2015 से अब तक विवेकानन्द शाखा द्वारा 800 से अधिक दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए जा चुके हैं।कार्यक्रम में 19 अप्रैल को लिए गए माप के आधार पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरित किए गए। मुख्य अतिथि बाबा विक्रमजीत सिंह लाल ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है तथा समाज को ऐसे सेवा कार्यों में निरंतर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को प्रेरणादायी बताया।विशिष्ट अतिथि डॉ गुरसिमरत सिंह चीमा ने कहा कि कृत्रिम अंग केवल शरीर को सहारा नहीं देते, बल्कि व्यक्ति के जीवन में आत्मविश्वास और सम्मान भी लौटाते हैं। उन्होंने परिषद के इस सेवा प्रकल्प को मानवीय एवं उपयोगी पहल बताया।प्रान्तीय अध्यक्ष मनोज अरोरा ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज के सहयोग एवं सेवा भावना से ऐसे प्रकल्प निरंतर आगे बढ़ा रही है, जिससे अनेक परिवारों के जीवन में नई आशा का संचार हो रहा है। शाखा कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल ने कहा कि समाज के आर्थिक सहयोग एवं सेवा भावना से ही ऐसे कार्य निरंतर गति प्राप्त कर रहे हैं।कार्यक्रम में शाखा एवं विवेकानन्द सेवा केंद्र से जुड़े अनेक कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव अक्षय माहेश्वरी ने किया। कार्यक्रम में शाखा संरक्षक संजय राधू, सेवा संयोजक शीशपाल सिंह, अंजू सिंह, अंजू ग्रोवर, अंकिता जैन, मिथिलेश गंगवार, प्रतीक तुलसयान, राजेन्द्र कुमार, डॉ पवन कक्कड़, हेमेन्द्र गंगवार, अंशुल गर्ग, लक्ष्य अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, डॉ विशाल शर्मा, मनीष मित्तल, रामपाल सिंह एवं विवेक गुप्ता उपस्थित रहे।



# कोतवाल हरपाल सिंह पर हत्या के प्रयास का आरोप

## शिकायतकर्ता व आरटीआई कार्यकर्ता पीयूष जोशी ने अपने बयान दर्ज कराये

लालकुंआ (उद संवाददाता)। मदरसन फैक्ट्री विवाद और पुलिस बर्बरता के मामले में चोरगलिया के थानाध्यक्ष हरपाल सिंह पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा बिठाई गई उच्च स्तरीय जांच के क्रम में शिकायतकर्ता व आरटीआई कार्यकर्ता पीयूष जोशी ने पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात के समक्ष अपने बयान दर्ज करा दिए हैं। जोशी द्वारा जांच अधिकारी को सौंपे गए वीडियो और तकनीकी साक्ष्यों ने पुलिस महकमे में खलबली मचा दी है। साक्ष्यों में कैद सरेआम दी गई धमकियों और हत्या के प्रयास के आरोपों के बाद कोतवाल हरपाल सिंह की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जानकारी के अनुसार पीयूष जोशी ने अपने पांच पन्नों के विस्तृत शपथपत्र में पुलिस अधीक्षक के समक्ष स्पष्ट किया कि 20 अप्रैल 2026 की घटना कोई मामूली झड़प नहीं थी, बल्कि लालकुआं और चोरगलिया में जमे पुलिसकर्मियों और शराब माफियाओं के सिंडिकेट द्वारा रची गई एक साजिश थी। जोशी ने जांच अधिकारी को पेन ड्राइव में वीडियो साक्ष्य, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, हल्दूचौड़ सीएचसी की मेडिकल रिपोर्ट और सुशीला तिवारी अस्पताल की डिस्चार्ज समरी सौंपी है। पीयूष जोशी ने अपने बयान में सबसे गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मदरसन कंपनी के बाहर वे केवल शांतिपूर्ण मध्यस्थता कर रहे थे। इसी दौरान साजिश के तहत कोतवाल हरपाल सिंह ने उन पर जानलेवा हमला किया और 30 सेकंड से अधिक समय तक उनका गला दबाए रखा। जोशी ने जांच अधिकारी को वह वीडियो फुटेज भी सौंपा है, जिसमें हरपाल सिंह सरेआम यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि तेरा जबड़ा उखाड़ दूंगा, तू बहुत शराब के विरुद्ध बोलता है। जोशी ने तर्क दिया है कि यह वाक्य गवाही दे रहा है कि हमला एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को कुचलने और शराब माफियाओं को संरक्षण देने की बौखलाहट में किया गया था। अपने बयान में जोशी ने सर्वोच्च न्यायालय के स्टेट ऑफ एमपी बनाम कांशीराम फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि श्वास नली को दबाना सीधे तौर पर हत्या के प्रयास की श्रेणी में आता है। उन्होंने मांग की है कि हरपाल सिंह पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 351 (3) और 61 (2) के तहत तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। बयानों में इस बात का भी विस्तार से जिक्र है कि घटना के बाद पुलिस ने अपनी गलती छुपाने के लिए जोशी पर मुकदमा थोप दिया और उन्हें अवैध रूप से हिरासत में रखा। मल्लीताल कोतवाली में उन्हें कड़ाके की ठंड में नंगे फर्श पर सुलाया गया और उनके धार्मिक प्रतीकों जनेऊ व तुलसी माला का अपमान किया गया। जोशी ने सर्वोच्च न्यायालय के परमवीर सिंह सैनी जजमेंट का हवाला देते हुए लालकुआं और मल्लीताल कोतवाली की 20 से 23 अप्रैल की डीवीआर तत्काल सील करने की मांग की है। जोशी ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका जताते हुए हरपाल सिंह के तत्काल निलंबन की सख्त मांग की है।

# हनीट्रैप की धमकी देकर एसएसबी जवान से दस लाख मांगने का आरोप

खटीमा। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान ने तेलंगाना निवासी महिला पर हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये की मांग करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नारायण नगर स्थित एसएसबी की 57वीं वाहिनी में तैनात जवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से एक महिला से पहचान हुई। बातचीत के दौरान महिला ने वीडियो कॉल के जरिए उसकी निजी और पारिवारिक जानकारी हासिल कर ली।जवान के अनुसार, कुछ समय बाद महिला उस पर पत्नी को तलाक देकर उससे विवाह करने का दबाव बनाने लगी। जब उसने महिला से बातचीत बंद कर दी तो उसने वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग वायरल करने और विभागीय अधिकारियों को भेजकर बदनाम करने की धमकी दी।आरोप है कि महिला ने मामले को दबाने के एवज में 10 लाख रुपये की मांग की। रकम देने से इनकार करने पर उसने जवान के विभाग को शिकायत पत्र भेज दिया। शिकायत में महिला ने वारंगल जिले के विधानसभा चुनाव के दौरान ड्यूटी पर पहुंचने और उससे संबंध होने जैसे आरोप लगाए।पीड़ित जवान का कहना है कि महिला लगातार मानसिक दबाव बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रही है और रुपये नहीं देने पर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रही है।पुलिस ने जवान की तहरीर के आधार पर वारंगल, तेलंगाना निवासी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# पांच फरार वारंटियों को दबोचा

काशीपुर। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में काशीपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर ग्राम रम्पुरा निवासी मंगल सिंह उर्फ मंग्गी पुत्र सुरजीत सिंह, शिव कुमार पुत्र छत्रपाल, बुटा सिंह पुत्र गुरनाम सिंह, भट्टा कालोनी निवासी गुरमीत सिंह पुत्र मोहन सिंह व ग्राम प्रतापपुर निवासी बाबू पुत्र हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई मनोज सिंह धोनी, कंचन पडलिया, संजय सिंह, कां प्रकाश चन्द्र शर्मा, नवीन खोलिया, नरेंद्र बोहरा व धीरज सिंह रहे।



# खटीमा में जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप, पास्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## थारू समाज के लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

खटीमा। ऊधमसिंह नगर जिले में धर्म परिवर्तन से जुड़े मामलों ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। नानकमत्ता में सामने आए चर्चित मामले के बाद अब खटीमा क्षेत्र में भी जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप लगे हैं। जादौपुर निवासी अंकित सिंह राणा की शिकायत पर पुलिस ने मोहम्मदपुर भुड़िया निवासी पास्टर दान सिंह राणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अंकित सिंह राणा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि आरोपी पास्टर अपने घर के समीप संचालित चर्च के माध्यम से क्षेत्र के थारू समाज और अन्य ग्रामीणों को निशाना बना रहा था। आरोप है कि चर्च में आयोजित प्रार्थना सभाओं के दौरान लोगों को आर्थिक मदद, इलाज और अन्य सुविधाओं का लालच देकर बुलाया जाता था। इसके बाद उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता था। तहरीर में यह भी कहा गया है कि सभाओं के दौरान हिंदू देवी-देवताओं और परंपराओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती थीं। ग्रामीणों से कहा जाता था कि यदि वे ईसाई धर्म स्वीकार कर लें तो उनके जीवन की परेशानियां दूर हो जाएंगी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जो लोग इन बातों का विरोध करते थे, उन पर मानसिक दबाव बनाया जाता था और उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया जाता था।अंकित सिंह राणा ने बताया कि उन्हें और उनके परिवार को भी चर्च में बुलाकर हिंदू रीति-रिवाज छोड़ने और ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहा गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो लगातार दबाव बनाया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्रारंभिक जांच की। जांच में आरोपों के आधार मिलने पर आरोपी पास्टर दान सिंह राणा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196(2) तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल बिजेंद्र शाह ने बताया कि प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अन्य तथ्य सामने आते हैं तो उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गतिविधि से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में नानकमत्ता क्षेत्र में भी धर्म परिवर्तन को लेकर मामला सामने आया था, जिसके बाद जिले में इस तरह की गतिविधियों पर प्रशासन की नजर और सख्त हो गई है। खटीमा में दर्ज इस नए मुकदमे के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# शादी और कारोबार का सपना दिखाकर युवती से छह लाख रुपये की ठगी

खटीमा। पहले दोस्ती, फिर प्यार और उसके बाद शादी व कारोबार में साझेदारी का सपना दिखाकर एक युवक ने युवती से करीब छह लाख रुपये ऐंठ लिए। जब युवती ने शादी और अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने निजी चौट सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी दे डाली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खटीमा निवासी युवती ने बताया कि करीब चार साल पहले उसकी इंस्टाग्राम के जरिए बदायूं के कृष्णापुरी निवासी सुमित दीक्षित से पहचान हुई थी। बातचीत धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। सुमित ने युवती को विश्वास दिलाया कि वह जल्द ही उससे शादी करेगा।आरोप है कि सुमित ने "श्री ट्रेडर्स" नाम से कंपनी शुरू करने की योजना बताई और कहा कि इसमें 50 लाख रुपये का निवेश होगा। उसने युवती से आर्थिक मदद मांगी और भरोसा दिया कि कंपनी शुरू होते ही उसे पार्टनर बनाया जाएगा और दोनों विवाह कर लेंगे।प्रेम और विश्वास में आकर युवती ने वर्ष 2021 से 2024 के बीच यूपीआई और डीटीडीसी के माध्यम से आरोपी को करीब छह लाख रुपये भेज दिए। इस दौरान आरोपी लगातार कंपनी का काम पूरा होने और जल्द शादी करने का आश्वासन देता रहा।पीड़िता के अनुसार, नवंबर में जब उसने कंपनी के कागजात दिखाने और मिलने की बात कही तो सुमित बहाने बनाने लगा। उसने कहा कि कंपनी की जमीन का रजिस्ट्रेशन अभी नहीं हुआ है। दिसंबर में शादी की बात करने पर उसने साफ कह दिया कि उसके परिवार ने उसका रिश्ता कहीं और तय कर दिया है।युवती का आरोप है कि जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो सुमित ने निजी चौट सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी सुमित दीक्षित के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मोबाइल चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 25 फरवरी 2026 को बराखेड़ा निवासी सोनू भारद्वाज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी पत्नी के पर्स से अज्ञात चोर ने रेडमी 5जी मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा संख्या 61/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर काशीपुर रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र धौलपुर के पास घेराबंदी कर आरोपी धीरज पुत्र राधेश्याम, निवासी मोतियापुर को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में 20 वर्षीय आरोपी धीरज ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह नशे का आदी है। अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए ही उसने चोरी की इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। साथ ही पुलिस आरोपी के पुराने आपराधिक इतिहास के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल, उपनिरीक्षक संजय सिंह बोरा और कांस्टेबल रवीन्द्र सिंह शामिल रहे।



# विकास के नये रिकार्ड बना रहा नगर निगम: विकास शर्मा

## वार्ड 17 में महापौर ने किया सड़क और नाली निर्माण का शिलान्यास

रुद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने विकास कार्यों की कड़ी में एक और नया अध्याय जोड़ते हुए वार्ड संख्या 17, खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षद शालू पाल के साथ मेवा लाल के घर से अकील खां के घर तक 20 लाख लागत की सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। वर्षों से इस मूलभूत सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे वार्डवासियों ने इस अवसर पर अपनी खुशी का इजहार मिष्ठान वितरण कर किया। स्थानीय निवासियों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में रुद्रपुर ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जनता से किए गए वादों को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है और इस यात्रा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का निरंतर मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इसी सहयोग का परिणाम है कि आज रुद्रपुर विकास के पथ पर तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। महापौर ने नगर निगम के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि आज यह संस्था केवल सड़क-नाली बनाने या सफाई तक सीमित नहीं रह गई है। नगर निगम अब एक बहुआयामी सेवा केंद्र के रूप में उभर चुका है, जहाँ एक ही छत के नीचे आधार कार्ड, श्रम विभाग, समाज कल्याण, राशन कार्ड, जल संस्थान और बिजली विभाग जैसे महत्वपूर्ण कार्य निष्पादित किए जा रहे हैं। जनता की सुविधा के लिए निगम आठ स्वास्थ्य केंद्रों का भी सफल संचालन कर रहा है, जहाँ निरूशुल्क चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही, लोगों को उनके घर के समीप सेवाएं प्रदान करने हेतु चार जोनल कार्यालयों की स्थापना भी की गई है। भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महापौर ने बताया कि आने वाले समय में रुद्रपुर को कई बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात मिलने वाली है। इसमें गांधी पार्क का कायाकल्प, दशकों पुरानी मंडी का निर्माण और मिनी बाईपास जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही भूरारानी मार्ग और गंगापुर रोड के चौड़ीकरण के साथ कई अन्य कार्यों को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्य हो चुके हैं और जल्द ही यह आंकड़ा दो सौ करोड़ के पार पहुंच जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को निखारने पर जोर देते हुए महापौर ने कहा कि भव्य त्रिशूल चौक के बाद अब डमरू चौक की स्थापना की तैयारी है। विशेष रूप से मानसखंड शिव कॉरिडोर के निर्माण से रुद्रपुर को पूरे प्रदेश में एक नई और गौरवशाली पहचान मिलेगी। इस ड्रीम प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार की जा रही है। कार्यक्रम के अंत में महापौर ने वार्डवासियों को विश्वास दिलाया कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया है, वे उस पर खरा उतरने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर पार्षद शालू पाल, भाजपा प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बिट्टू चौहान, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, दीपक राठौर, अभिषेक तिवारी , उमेश सिंह , सुनील सिंह , सुनील बाबा, रंजीता पाल, पिंटू पाल, मनीष गुप्ता, राकेश पाल, रामप्रसाद पाल, रवि चौहान, राम जतन, भारत चौहान, सहजादे, धीरेन्द्र पाल, गौरव चौहान, दया राम, मेवा लाल पाल, सीता राम, जोगेन्द्र प ाल, शिव कुमार, जगदीश, विजय पाल आदि मौजूद रहै।





# क्षितिज सिंह को महापौर ने किया सम्मानित

रूद्रपुर। श्रीलंका में आयोजित थर्ड साउथ एशियन जु जित्सू चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण और रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले होनहार खिलाड़ी क्षितिज सिंह का महापौर विकास शर्मा ने अपने आवास पर स्वागत किया और उन्हें सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं ।इस अवसर पर जिला जु जित्सू एसोसिएशन के महासचिव एवं कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा अधिकृत जु जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन तथा जु जित्सू एशियन यूनियन के नेतृत्व में जु जित्सू फेडरेशन लंका के सौजन्य से 10 से 12 अप्रैल 2026 तक डिगाना श्रीलंका में थर्ड साउथ एशियन जु जित्सू चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में दक्षिण एशिया के सात देशों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।उन्होंने बताया कि भारतीय जु जित्सू टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षितिज सिंह ने एडल्ट आयुवर्ग के माइनस -85 किलोग्राम भार वर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने मेजबान श्रीलंका के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा टीम इवेंट डूओ शो मिक्स्ड स्पर्धा में हल्द्वानी की खिलाड़ी श्रीपर्णा जोशी के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक भी हासिल किया। क्षितिज की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि क्षितिज सिंह ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल रूद्रपुर बल्कि पूरे उत्तराखण्ड और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी की यह सफलता शहर के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है और इससे क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा।महापौर ने कहा कि उत्तराखण्ड के खिलाड़ी आज देश और विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार की बेहतर खेल नीतियों का परिणाम है। इस अवसर पर, समाजसेवी श्री बिट्टू शर्मा, महावीर सिंह कश्यप, पार्षद चिराग कालरा, नरेश सागर, जीतू पाल, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे ।



# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

रुद्रपुर। शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाने और बाद में किसी अन्य युवती से विवाह करने की तैयारी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि वह रुद्रपुर की एक निजी कंपनी में कार्यरत है। इसी दौरान उसकी पहचान फुलैईया ग्राम बसखेणा पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी युवक से हुई, जो सिडकुल की एक कंपनी में नौकरी करता था। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और युवक ने प्रेम संबंध स्थापित कर शादी का वादा किया। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। दोनों के रिश्ते की जानकारी युवती के सहकर्मियों और परिजनों को भी थी। कुछ समय बाद युवक नौकरी के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत चला गया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क बना रहा। युवती के अनुसार, हाल ही में उसे जानकारी मिली कि आरोपी युवक किसी अन्य युवती से विवाह करने जा रहा है। इस संबंध में जब उसने आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक और मानसिक शोषण किया। युवती ने इस मामले की शिकायत ट्रांजिट कैंप थाने में भी दी है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# टैगोर जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। विश्व कवि रवींद्र नाथ टैगोर की 165वीं जयंती पर दिनेशपुर में भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति के बैनर तले विद्यासागर विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं गुरुदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक स्वागत हुआ। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के साहित्य, शिक्षा, मानवता और राष्ट्रवाद से जुड़े विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि टैगोर केवल एक महान कवि ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक, शिक्षाविद और विश्वबंधुत्व के प्रबल समर्थक थे। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। वक्ताओं ने युवाओं से गुरुदेव के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने गुरुदेव की रचनाओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने गीत, नृत्य और काव्य पाठ के माध्यम से टैगोर के साहित्यिक योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह में बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि सरकार ने कहा कि गुरुदेव का जीवन और साहित्य पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके द्वारा दिए गए शिक्षा और संस्कृति के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर रोहिताश मल्लिक, चंद्रकांत मंडल, शंकर चक्रवर्ती, आदित्य मल्लिक, ममता हालदार, सुभाष व्यापारी, मानिक शुक्ला, त्रिनाथ विश्वास, नित्यानंद मंडल, कृष्ण शील, असित कुमार और नारायण महाजन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# निबंध प्रतियोगिता में कल्पना नेगी रही प्रथम

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्वर्गीय जय दत्त वैला स्व० संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत के राजनीति विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद द्वारा शनिवार को "नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कल्पना नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी सेमेस्टर की छात्रा मानसी फुलोरिया द्वितीय स्थान पर रहीं। बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा जिज्ञाषा परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा टींना आर्या को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ सत्य मित्र सिंह, डॉ. कमला देवी एवं डॉ. नितिका शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के विचारों, अभिव्यक्ति शैली एवं विषय की समझ की सराहना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभाग प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग प्रभारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापक डॉ. पूजा एवं डॉ. धीरज सिंह खाती ने विद्यार्थियों को नारी सशक्तिकरण एवं लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# लोक अदालत में 3150 वादों का हुआ निस्तारण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान जिले की विभिन्न अदालतों में लंबित हजारों मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण किया गया। लोक अदालत में पूरे जिले के भीतर कुल 3150 वादों का निपटारा कर वादकारियों को राहत प्रदान की गई।राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान विभिन्न पीठों द्वारा सक्रियता से मामलों की सुनवाई की गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की पीठ द्वारा 57 वादों का निस्तारण किया गया। तृतीय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन की पीठ ने 250 मामलों का निपटारा किया, जबकि विशेष 138 के न्यायालय द्वारा 30 वादों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन की पीठ ने 331 वादों का समाधान किया।पंचम अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन की पीठ द्वारा 333 वादों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में सबसे अधिक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की पीठ द्वारा 616 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की पीठ द्वारा 352 वाद और प्रथम अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन की पीठ द्वारा 276 वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के बाहरी न्यायालयों द्वारा भी लोक अदालत का आयोजन कर विभिन्न लंबित प्रकरणों को सुलझाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बड़ी संख्या में वादों के निस्तारण होने से न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ कम हुआ है।

'जय माता दी' 'जय बाबा
श्री गोस्वामी आश्रम के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में
श्री बालाजी दरबार
स्थान:- श्री गोस्वामी आश्रम, सूरजपुर नं० 1 गदरपुरं
दिनांक: 13 मई 2026 समय: रात्रि 8:30 बजे से
निवेदक:-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर
एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार, संपर्क सूत्र 8439733314,8272020006,9897545454

# मातृ दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मदर्स डे के अवसर पर समाज और परिवार में मातृ शक्ति के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से सिटी क्लब में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने पहुंचकर माता एवं बहनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम, ममता और संस्कारों की जीवंत प्रतिमूर्ति होती है। मां अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीवनभर संघर्ष करती है और बिना किसी स्वार्थ के परिवार को संवारने का कार्य करती है। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि मां परिवार की पहली गुरु होती है, जो अपने बच्चों को जीवन के सही संस्कार देती है। उन्होंने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में हमें अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने के लिए समय निकालना चाहिए। पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि माताओं का आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। जिस घर में मां का सम्मान होता है, वहां हमेशा सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मदर्स डे हमें यह याद दिलाता है कि हमें हर दिन अपनी माताओं के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ललित राठौर ने किया। इस अवसर पर ठाकुर जगदीश सिंह, ललित राठौर, विमला देवी, अनीता, नीलम राठौर ,निशु, शोभा सक्सेना कमलेश, आशा भारती, मुन्नी, आरती, रीना, क्रांति, प्रीति, ममता राजपूत , गीता राणा, अनीता गहलोत, प्रीति गहलोत, प्रीति राजपूत, रेखा, अंजू चौहान, उमेश, नेहा, ज्योति, कमला पांडे, कौशल्या देवी,आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी। वहीं मातृ दिवस पर महाराजा अग्रसेन चौक पर आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रमोद मित्तल ने मातृ शक्ति को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित महिलाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों को शीतल शरबत, भोजन एवं मिष्ठान वितरण कर सेवा कार्य भी किया गया। प्रमोद मित्तल ने कहा कि मातृ दिवस हमें अपनी माँ एवं समस्त मातृशक्ति के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में बीना चड्ढा, ममता त्रिपाठी, मंजू अग्रवाल, रजनी रावत, गरिमा सिंह, पूजा मित्तल, दीपिका गर्ग, ज्योति गर्ग, सुनीता, आशा मुंजाल, मंजू नेगी, राखी कुमारी, रीता शर्मा, सुमन थपलियाल, सुनीता रानी, दिव्यांशी पचौरी, कृतिका पचौरी, दीपिका मित्तल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति के साथ ही कुशल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अमित जैन, ललित राठौर, प्रमोद यादव, निखिल चंडोक, करण चंडोक, नितिन अग्रवाल, अमित मित्तल, मनीष मित्तल एड., सुनील पचौरी, अनुराग शर्मा, अनुज गर्ग, अजय शर्मा, श्रीओम अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, सुधीर डागर, प्रवीण जैन एवं शिवम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# भंजूराम अमर इंटर कॉलेज में 49वें वार्षिकोत्सव की धूम

## महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की उपस्थिति में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संगम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंजुराम अमर इंटर कॉलेज एवं अमर इंटरनेशनल स्कूल भूरारानी में आयोजित चार दिवसीय 49वें वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य शुभारंभ धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत यज्ञ और हवन के साथ किया गया। इस अवसर पर परमश्रद्धेय महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की पावन उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस शाम छह बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों सुहागन महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की। शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियों ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक चेतना और आध्यात्मिक परंपराओं का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संरक्षण भी आवश्यक है। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दौरान आगामी दिनों में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, सम्मान समारोह और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विद्यालय की उपलब्धियों का उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक भी है। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत पुनः विधिवत यज्ञ और हवन के साथ हुई। इस अवसर पर परमगुरुभक्त राघव सचदेवा पौड़ी वाले द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं ने झंडा गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। गणेश वंदना, स्वागत गीत, रासलीला, एगिरी नंदनी, झूला गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विष्णु जी के दस अवतार, ब्रह्मलीन स्वामी अमर देव महाराज जी गृह त्याग कथा और मदर डे विषय पर आधारित नाटकों का मंचन कर दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज द्वारा सम्मानित किया गया। स्वामी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में संस्कृति, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार देने का भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। संध्याकालीन कार्यक्रम में सभापति शांति देवी घीक, ओमप्रकाश घीक, तनु पोपली और डॉ एच एस पोपली द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिसके बाद महाराजश्री के कृपापात्र शिष्य व्यासमणि संजीव कपिल वृंदावन द्वारा मनोहारी भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्तिरस में डूबे नजर आए। वार्षिकोत्सव के तृतीय दिवस रविवार को कार्यक्रम के सभापति विश्व हिंदू परिषद के प्रभारी सचिव हरीश बजाज रहे। दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में केसर लाल ढिंगरा और सरोज ढिंगरा ने सहभागिता की। रात्रि में प्रसिद्ध भजन गायक द्वारा भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम में गणपतराम गांधी, सुरेश कुमार गांधी, संजीव कपिल, अभिषेक बांगा, असीम कुमार दास, प्रतीमा दास, सुंदरलाल चोटमुरादा, रामकिशन खेड़ा, रोशन कालड़ा, विजय अरोरा, भारत भूषण चुघ, मोहन लाल खेड़ा, रमेश कालड़ा, दीपक कटारिया, चंदर कटारिया, संजय अरोरा, सुनील जड़वानी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।













# आरएएन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस समारोह की रही धूम

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में माताओं ने दिखाया अपना हुनर, नन्हे मुन्नों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में रविवार को मातृ दिवस समारोह बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और पौधा भेंट करने के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता बिष्ट, संचालिका मेघना गुप्ते, सलाहकार रेखा कर्नाटक, मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रशासक निधि राय एवं अध्यापिकाओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सरस्वती, लक्ष्मी एवं दुर्गा स्वरूप माताओं को समर्पित सुंदर प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की संचालिका मेघना गुप्ते ने स्वागत भाषण देते हुए सभी माताओं का अभिनंदन किया। इसके बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गीतों और नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें एफ 2 एवं एफ 3 के विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही। मुख्य अतिथि निधि राय एवं सलाहकार रेखा कर्नाटक ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में माताओं के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे: मास्टर शेफ में रुचि प्रथम, प्रिया द्वितीय एवं अमनदीप तृतीय रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में किरन जोशी ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय एवं भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैशन शो में लक्ष्मी प्रथम, अविनाश कौर द्वितीय एवं सोनल तृतीय स्थान पर रहीं। सामूहिक अंताक्षरी में मनीषा, शालिनी एवं शुभी की टीम ने बाजी मारी। नृत्य प्रतियोगिता में सपना रावत प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा गगनदीप एवं बीनू संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में सिमरजीत कौर प्रथम, अमनदीप कौर द्वितीय एवं सविता तृतीय रहीं।सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा कई प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। अंत में वर्षा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# विधायक शिव ने दो करोड़ की सड़क का किया लोकार्पण

## पन्द्रह वर्षों से बदहाल झील से चामुंडा मंदिर मार्ग की बदली तस्वीर, व्हाइट टॉपिंग तकनीक से हुआ निर्माण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी झील से चामुंडा मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क का विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से बनी 450 मीटर लंबी सीसी सड़क के निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा का स्थानीय लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वर्ष 2022 में विधायक बनने के बाद उन्होंने इस सड़क निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा था, जिसके बाद राज्य योजना के तहत 2 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई। उन्होंने कहा कि झूठे वादे नहीं बल्कि ईमानदारी से किए गए प्रयास ही धरातल पर नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क रुद्रपुर के इतिहास में एक शानदार उदाहरण है और ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात साबित होगी।उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से यह मार्ग बदहाल स्थिति में था। आए दिन सड़क धंसने और दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आती थीं। विपक्षी दलों के लोग भी इस सड़क की खराब स्थिति को लेकर प्रदर्शन करते थे, जिससे इस मार्ग की आवश्यकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण मार्ग की ओर ध्यान नहीं दिया, जबकि यह ट्रांजिट कैम्प का मुख्य संपर्क मार्ग है और प्रतिदिन हजारों लोग इसका उपयोग करते हैं। सिडकुल क्षेत्र से जुड़े लोग भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि व्हाइट टॉपिंग तकनीक से बनी यह रुद्रपुर की पहली सड़क है। सड़क चौड़ी होने से बड़े और छोटे सभी वाहन सुगमता से गुजर पा रहे हैं तथा झील से चामुंडा मंदिर तक लगने वाला लंबा जाम भी समाप्त हो गया है। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में लगने वाले जाम में भी काफी कमी आई है।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक शिव अरोरा के चामुंडा मंदिर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। सभा के दौरान क्षेत्रवासियों ने उन्हें लड्डुओं से तौलकर सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय पार्षदों एवं भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने विधायक को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया।सभा को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं और विश्वास पर पूरी ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है तथा रुद्रपुर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य आगे बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी विकास की मुख्यधारा को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, दिलीप अधिकारी, प्रीत ग्रोवर, अनिल शर्मा, पार्षद एमपी मौर्य, शिवकुमार गंगवार, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, राधेश शर्मा, मुकेश रस्तोगी, शम्मी गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रेमपाल, दीपू रस्तोगी, नन्दलाल, शक्ति सिंह, अनीता श्रीवास्तव, विशाल शील, विजय डे, मदन दिवाकर, डीके गंगवार, प्रदीप राठौर, अखिल विश्वास, रामाधारी गंगवार, सचिन पाठक, आदेश भरद्वाज, मनोज कर, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, सुनील यादव, तारक सरकार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।









# समाज निर्माण और बच्चों के भविष्य को संवारने में मां की भूमिका पर चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की पॉश कॉलोनी ओमेक्स के सेंट्रल पार्क में मदर्स डे के अवसर पर दुर्गा फिटनेस सेंटर द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के निर्माण और बच्चों के भविष्य को संवारने में मां की भूमिका पर चर्चा की गई। सेंटर की संचालिका ललिता जोशी ने समाज में मां के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज और घर की कल्पना मां के बिना अधूरी है। मां ही वह हस्ती है जो बच्चों को संस्कार देकर उन्हें चरित्रवान बनाती है।जिला उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य नीरू छाबड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे महान नायक अपनी माताओं की वजह से ही देश पर प्राण न्योछावर करने वाले अमर वीर बन सके। उन्होंने कहा कि आज का दिन इन महान माताओं को याद किए बिना अधूरा है और हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। शारदा अग्रवाल ने आज के दिन को अत्यंत प्रेरणादायक बताया, जबकि मंजू गर्ग ने मां को समाज की रीढ़ करार दिया।ऊषा घई ने मातृ शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि आज हमें अपने बच्चों को भारतीयता के रंग में रंगना है और पश्चिमी देशों की तरफ बढ़ते रुझान को रोकना है। सनातन धर्म डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य मधु रहेजा ने जोर देकर कहा कि आज की पीढ़ी को देश और धर्म के लिए बलिदान देने वाले शहीदों, सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह के साहस की जानकारी देना आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों ने अपनी तोतली जुबान में मां शब्द बोलकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सुमन सिंगला, मंजू गंभीर, कांता नारंग, सावित्री गोयल, हरजिंदर कौर, जसपाल कौर, समृद्धि छाबड़ा, विजयलक्ष्मी खन्ना, प्रियंका कक्कड़, कमलेश मिड्ढा, पिंकी कामरा, सुषमा सक्सेना, बीना दुबे, शशि भसीन, आकांक्षा अनेजा, अन्नु अरोड़ा, गोल्डी भल्ला, नीलम राय भाटिया, ज्योति डुडेजा, शारदा पाण्डेय, स्नेहा खंडेलवाल, गीता जैन, सुनीता मल्होत्रा, पुष्पा अग्रवाल और रेखा जिंदल सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



# भाजपा सरकार में महिलाओं के हित सुरक्षित: शुक्ला

रूद्रपुर। मातृ दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल द्वारा बालाजीपुरम कॉलोनी फुलसुंगा में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने समाजसेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा हमेशा से महिलाओं को राजनीति एवं निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी दिलाने की रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में भी महिलाओं को आरक्षण देने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया, लेकिन विपक्ष ने साजिश के तहत लोकसभा में इस महत्वपूर्ण विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता था कि महिलाएं राजनीतिक रूप से और अधिक मजबूत हों, जबकि भाजपा सरकार ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने का संकल्प लिया है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। आज केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में राजेश शुक्ला ने पार्षद पवन राना, मयंक तिवारी एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष रेनू यादव के साथ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज सेविका लक्ष्मी सिंह, जानकी बिष्ट, जया देवी, हेमा शर्मा, कमला भट्ट, मोना राय और लता देवी को अंगवस्त्र भेंट कर व माला पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान रोहित भट्ट, नीरज खग्गर, रमेश कुमार मिश्रा, हेमा शर्मा, अरुण दीक्षित, विजयभान सिंह, भुवन चंद जोशी, अन्नू देवी, शीला रॉय, जया देवी, सोनमती देवी, लक्ष्मी देवी, रूबी देवी, रजनीश गंगवार, अशोक जायसवाल, मुकेश प्रजापति, ऋतुराज सिंह,मुन्ना सिंह, दिलीप शाही, अनुराग सिंह, विशाल शुक्ला, संजय वर्मा, संदीप रावत, ऋतु कौर,संतोष चौहान, प्रवेश कुमार, रमाशंकर यादव समेत सैकड़ों लोग रहे।



# मदर्स डे पर उड़ान क्लब के कार्यक्रम में महिलाओं ने मचाया धमाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मदर्स डे के अवसर पर उड़ान क्लब द्वारा कोर्टयार्ड में भव्य, रंगारंग एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की महिलाओं एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूरे आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। संगीत, मनोरंजन, खेल, नृत्य और सम्मान समारोह से सजे कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को भावुक और आनंदित दोनों कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुई, जहां मदर्स डे के महत्व को रेखांकित करते हुए मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने एक दूसरे को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए यादगार पल साझा किए। इस अवसर पर आयोजित लाइव सिंगिंग कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। हरीश हेमलता एवं नीरज उप्रेती की मधुर प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को संगीत से सराबोर कर दिया। एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाईं और खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए तंबोला, पंक्चुअलिटी गेम एवं अन्य रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही कई सरप्राइज एक्टिविटीज ने कार्यक्रम में रोमांच और उत्साह बनाए रखा। खेलों का संचालन मुनमुन एवं लवी ने बेहद आकर्षक अंदाज में किया, जिससे सभी प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा मित्तल एवं निहारिका ने अपनी प्रभावशाली एंकरिंग से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। दोनों की प्रस्तुति शैली और ऊर्जा ने कार्यक्रम को निरंतर गतिशील बनाए रखा। वहीं सपना, रचना एवं अनु ने अपने शानदार नृत्य प्रदर्शन से कार्यक्रम में रंग भर दिए। उनके प्रस्तुत किए गए डांस पर उपस्थित महिलाएं भी झूम उठीं और पूरे सभागार में उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम में स्वादिष्ट व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। इसकी जिम्मेदारी दीपिका एवं प्रियंका ने संभाली। वहीं रचना एवं नीतू द्वारा सभी सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की चेयरपर्सन ज्योति गोयल ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और उनके त्याग, प्रेम एवं समर्पण को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि उड़ान क्लब हमेशा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करता है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे। संस्था की प्रेसिडेंट प्रिया गर्ग ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मातृत्व केवल एक भावना नहीं बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम के अंत में उड़ान क्लब द्वारा सभी गिफ्टिंग पार्टनर्स एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।







## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चीन की चालबाजी

आखिरकार चीन ने दुनिया के सामने यह सच कबूल लिया है कि पिछले वर्ष भारत के 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसने पाकिस्तान की सहायता की थी। यह पहली बार है, जब चीन ने इस संघर्ष में अपनी प्रत्यक्ष भूमिका स्वीकार की है। हालांकि भारत ने संघर्ष विराम के बाद विश्वास के साथ यह दावा किया था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस तरह के खुलासे हुए थे, लेकिन चीन ने अब तक इन्हें खारिज कर दिया था। दरअसल, चीन वैश्विक जगत को यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि भारत-पाक संघर्ष के दौरान उसकी भूमिका एक तटस्थ देश की रही है। मगर, चीन और पाकिस्तान की नजदीकियां किसी से छिपी नहीं हैं। अब चीन की इस स्वीकारोक्ति से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में भारत को सुरक्षा के मोर्चे पर एक साथ कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और इसी लिहाज से अपनी रक्षा नीतियां, कूटनीति और रणनीति तैयार करनी होंगी।पिछले कुछ समय से ऊपरी तौर पर चीन का रुख भले ही भारत को लेकर आक्रामक न रहा हो, लेकिन वैश्विक स्तर पर उसकी छवि एक ऐसे देश की है, जिस पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता।गौरतलब है कि पिछले वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। इसके जवाब में भारत ने 'आपरेशन सिंदूर' चलाकर सीमा पार आतंकियों के कई ठिकानों पर हमला किया था। इस कार्रवाई में सौ से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी।भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने पिछले साल जुलाई में यह दावा किया था कि चीन ने इस संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी मदद प्रदान की थी। भारत की सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए उसने अपने उपग्रहों का भी इस्तेमाल किया था। तब चीन ने इस दावे को खारिज कर दिया था। मगर बीते गुरुवार को चीन के विमानन उद्योग निगम के चेंगदू वायुयान डिजाइन एवं अनुसंधान संस्थान के एक वरिष्ठ इंजीनियर ने मीडिया से एक साक्षात्कार में माना कि आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी मदद प्रदान की गई थी।दरअसल, पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन चीन के विमानन उद्योग निगम की एक सहायक कंपनी द्वारा किया जाता है। खबरों के मुताबिक, चीन ने भारत-पाक संघर्ष को अपने लड़ाकू विमानों की क्षमता को परखने की एक प्रयोगशाला की तरह लिया और पाकिस्तान को तकनीकी मदद मुहैया कराई। साफ है कि चीन और पाकिस्तान का रक्षा सहयोग अब केवल हथियारों की आपूर्ति तक सीमित नहीं रह गया है। पाकिस्तान के जरिए चीन अपने आधुनिक हथियारों और निगरानी प्रणालियों का वास्तविक युद्ध स्थितियों में परीक्षण कर रहा है।

# इंस्पिरेशन स्कूल में 'बिकोज ऑफ यू, मॉम' कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर 'बिकोज ऑफ यू, मॉम' नामक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम एवं आभार व्यक्त करना था। विद्यालय परिसर को फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह से भर उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लोमिंग ग्रेटिंग्स के अंतर्गत सभी माताओं के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात लाइट आफ लव सत्र में दीप प्रज्ज्वलन कर यह संदेश दिया गया कि माँ हमारे जीवन की वह रोशनी है जो हमें सही मार्ग दिखाती है। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। यूकेजी ए के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांग्स फोर सुपर मॉम्स और नर्सरी के बच्चों का क्यूटी पाई मूवस विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं एलकेजी के बच्चों ने जूनियर्स जेमर्स तथा यूकेजी बी के विद्यार्थियों ने लिटिल लिजेंड्स ग्रूव की शानदार प्रस्तुति दी।इस दौरान माताओं के



लिए मनोरंजक गेम्स का भी आयोजन किया गया, जिनमें मॉम गेम वन, फन फिएस्टा फॉर मॉम्स, मॉम्स मेनिया तथा ब्रेनी ब्यूटी प्रमुख रहे। इन गतिविधियों में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों के साथ आनंदमय समय बिताया। विद्यालय की छात्रा दिविषा पोखरिया द्वारा प्रस्तुत गीत एवं टाइनी टॉक, बिग लव वीडियो प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को हॉल ऑफ फेम के अंतर्गत सम्मानित भी किया गया। हार्ट टू हार्ट सत्र में माताओं के सम्मान में विशेष संदेश एवं प्रेरणादायक विचार साझा किए गए।विजयी माताओं को पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन गुंजन जोशी एवं निकिता खत्री द्वारा किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ दीपक बल्यूटिया, प्रबंधिका डॉक्टर गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्या ममता तनेजा एवं कोऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ का स्थान सर्वोपरि है और ऐसे आयोजन परिवार व विद्यालय के संबंधों को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्सरी से यूकेजी तक की सभी शिक्षिकाओं सहित संगीत विभाग के संजय गोस्वामी, मोहित पंत, गौरव कुमार, गुंजन जोशी, कला विभाग की नीरू गोयल, रिचा वर्मा, गरिमा मेवारी और नृत्य विभाग के मुकेश सागर एवं ख्याति जीना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 74 वादों का हुआ निस्तारण

## 2.43 करोड़ से अधिक की धनराशि का हुआ सेटलमेंट, वादकारियों को मिली राहत

चम्पावत (उद संवाददाता)। जनपद में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति और सुलह समझौते के आधार पर 74 वादों का त्वरित निस्तारण किया गया। जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता तथा सचिव भवदीप रावते के दिशा निर्देशन में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 2.43 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का सेटलमेंट हुआ।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर चम्पावत और बाह्य न्यायालय टनकपुर में किया गया। इस दौरान गठित प्रथम पीठ में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चम्पावत ने जिला न्यायालय में 25 लंबित वादों का निस्तारण करते हुए 2,12,66,242 रुपये का सेटलमेंट कराया। वहीं टनकपुर न्यायालय में द्वितीय पीठ के सिविल जज जूनियर डिवीजन ने 24 लंबित वादों का निस्तारण कर 5,04,400 रुपये का सेटलमेंट किया। इस प्रकार कुल 49 लंबित वादों में 2,17,70,642 रुपये की धनराशि का समझौता हुआ।इसके अतिरिक्त प्री लिटिगेशन स्तर पर मनी रिकवरी से संबंधित 25 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 25,47,470 रुपये का सेटलमेंट हुआ। कुल मिलाकर जनपद में 74 वादों के निस्तारण के साथ ही 2,43,18,112 रुपये की धनराशि का सेटलमेंट संपन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि लोक अदालत न्याय को सुलभ, त्वरित और कम खर्चीला बनाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे पक्षकारों के समय और धन दोनों की बचत होती है। कार्यक्रम में जिला बार संघ चम्पावत एवं तहसील बार संघ टनकपुर के अधिवक्ता, विभिन्न बैंकों के अधिकारी और बड़ी संख्या में आम जनता उपस्थित रही।

# सर्किट हाउस निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में चम्पावत स्थित निर्माणाधीन सर्किट हाउस के जीर्णोद्धार एवं विस्तारीकरण कार्यों का जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश



दिए। उन्होंने सर्किट हाउस में अतिथियों की सुविधा हेतु आधुनिक कमरे, सुसज्जित बैठक कक्ष, बेहतर विद्युत एवं जलापूर्ति व्यवस्था, पार्किंग, सौंदर्यीकरण तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ विकसित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने कहा कि सर्किट हाउस जनपद में आने वाले विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों के स्वागत, ठहराव एवं आतिथ्य का महत्वपूर्ण केंद्र होगा, इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेंगे अधिकारी: दीपक कुमार

भीमताल (उद संवाददाता)। सचिव संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन भीमताल में विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फील्ड में जाकर जमीनी हकीकत परखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भौतिक सत्यापन अनिवार्य है। सचिव ने मुख्यमंत्री घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करने और सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का रैंडम वेरिफिकेशन कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए एनआरएलएम और एनयूएलएम के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत समूहों को लखपति दीदी श्रेणी में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और दस उच्चतम व



निम्नतम समूहों की सूची बनाकर अन्य जिलों से प्रतिस्पर्धा की जाए। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने नहरों, गूलों और हाइड्रम योजनाओं के मरम्मत कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को लाभ मिल सके। जल जीवन मिशन के तहत दिए गए कनेक्शनों और पीएम आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकानों का लाभार्थीवार सत्यापन करने को कहा गया। पीएमजीएसवाई की सड़कों को गड्ढामुक्त रखने और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर निरीक्षण के निर्देश दिए गए। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर देते हुए सचिव ने अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती और विद्यालयों में बालक-बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय व शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कृषि एवं उद्यान विभाग को निर्देश दिए गए कि ओलावृष्टि और अंधड़ से प्रभावित किसानों को बीमा का लाभ दिलाया जाए और खाद-बीज का समय पर वितरण हो। बैठक में सचिव ने श्सरकार जनता के द्वारश कार्यक्रम के तहत अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार गांवों में रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिए। साथ ही, द्वितीय राजभाषा के उत्थान हेतु सभी कार्यालयों के बोर्ड और पदनाम पट्टिकाएं संस्कृत भाषा में भी लिखने को कहा गया। जनगणना कार्यों में शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने इसे समय से पूर्व संपन्न करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. मुकेश नेगी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानसून से पूर्व सभी तैयारियां हों पूरी: डीएम

## संवेदनशील स्थलों पर सड़क सुधार और झाड़ी कटान के दिए निर्देश

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्ग-09 से संबंधित कार्यों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मानसून सीजन को देखते हुए राजमार्ग की सुरक्षा और सुगमता को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानसून शुरू होने से पूर्व राजमार्ग पर सभी आवश्यक सुधारीकरण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित कलमठ सुधारीकरण कार्यों को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि मार्ग पर मौजूद सभी गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने बस्तिया, कोट अमोड़ी और स्वाला सहित अन्य संवेदनशील स्थलों पर विशेष ध्यान देते हुए वहां चल रहे सुधार कार्यों को शीघ्रता से निपटाने को कहा। इसके साथ ही राजमार्ग के किनारे उगी झाड़ियों के कटान और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या पैदा न हो। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से साइट विजिट करें और कार्यों की गुणवत्ता व प्रगति की स्वयं निगरानी करें। बैठक में नगर क्षेत्र में यूयूएसडीए द्वारा संचालित पेयजल लाइन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण के दौरान आम जनता की आवाजाही प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी विपिन पंत, नीतू डागर, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल सहित राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।



# उद्यमियों ने सीखे स्वरोजगार के गुर, मडुवे के बिस्कुट से लेकर साबुन निर्माण तक का मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

चम्पावत (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकोस्ट) के तत्वावधान में महिला प्रौद्योगिकी केंद्र, चंपावत में महिला उद्यमियों हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हो गया। सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ यूकोस्ट के प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत के दिशा-निर्देशन में स्थापित इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य जनपद की महिलाओं और महिला उद्यमियों को तकनीकी व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। दो दिवसीय इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को मडुवे के बिस्कुट, सोयाबीन से तैयार विभिन्न उत्पाद, धूपबत्ती एवं साबुन निर्माण का गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी ने महिला शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र महिलाओं के कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे केंद्र में नियमित रूप से आकर अभ्यास करें और स्थानीय उत्पादों को नए स्वरूप में विकसित कर अपनी आय बढ़ाएं। प्रशिक्षण के दौरान अरुण प्रकाश के नेतृत्व में डॉल्फिन संस्थान की टीम ने महिलाओं को उत्पाद निर्माण की बारीकियों के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन (मार्केटिंग) संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं। कार्यक्रम में यूकोस्ट के संतोष कुमार, अरुण पांडेय सहित विभिन्न गांवों से आई महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों ने भरोसा जताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



# बाजपुर में ट्रैक्टर चोरी के अभियुक्त को आबकारी ने दी बड़ी जिम्मेदारी

## साथी संग कार्यवाही की वीडियो और अवैध वसूली का जिम्मा,सवालों के घेरे में इंस्पेक्टर की कार्यशैली

**-मनोज श्रीवास्तव-**

बाजपुर। ट्रैक्टर चोरी के आरोप में पीआरडी के जिस कर्मचारी को बाजपुर पुलिस द्वारा जेल भेजा गया था वही व्यक्ति बाजपुर में आबकारी के लिए कच्ची शराब के कारोबारियों से सुविधा शुल्क वसूल करता देखा जा रहा है। जो लोग इस व्यक्ति की बात नहीं मानते वह उनके साथ मनमाने ढंग से पेश आता है। आबकारी की ऐसी कार्यशैली क्षेत्र में एक बार फिर से चर्चा का विषय बनी है। जानकारी के मुताबिक आबकारी विभाग के उच्चाधिकारियों की गलत नीतियों के कारण पिछले काफी समय से बाजपुर क्षेत्र में कच्ची शराब के कारोबारियों से अवैध वसूली का गैरकानूनी खेल लगातार जारी है। सूत्रों का कहना है कि कच्ची शराब के कारोबारियों से अवैध वसूली का जिम्मा दो ऐसे लोगों को दिया गया है जो कभी पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) के कर्मचारी हुआ करते थे। इसमें से एक कुछ समय पूर्व ट्रैक्टर चोरी के आरोप में जेल की हवा खा चुका है। उपरोक्त दोनों व्यक्तियों पर बाजपुर आबकारी मेहरबान है। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि आबकारी इंस्पेक्टर बाजपुर महेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा दोनों को अलग-अलग क्षेत्रों में जहरीली शराब के कारोबारियों से हफ्ता वसूल करने का जिम्मा दिया गया है। बाजपुर क्षेत्र में आबकारी की खाऊ कमाऊ नीति के कारण जहां एक और सरकार के राजस्व को प्रतिमाह लाखों की चपत लग रही है वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी को भी जहरीली शराब का चस्का लग चुका है। मजे की बात यह है कि ट्रैक्टर चोरी के आरोप में पीआरडी का जो पूर्व कर्मचारी जेल की हवा खा चुका है वही आजकल आबकारी द्वारा कार्यवाही की औपचारिकता के वक्त वीडियो बनाते देखा जा रहा है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाजपुर में आबकारी किस हद तक भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबी है।

### दारोगा से कराई जा रही अवैध वसूली

काशीपुर/जसपुर। आबकारी की गलत कारगुजारियों को लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश बढ़ने लगा है। लोगों का आरोप है कि आबकारी के कर्मचारी व अधिकारी यहां जरायमपेशा कारोबार पर अंकुश लगाने की बजाय उसे संरक्षण देकर हफ्ता के रूप में मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि आबकारी का एक कर्मचारी मुख्यालय से सेटिंग गेटिंग के जरिए बारंबार तबादला काशीपुर करा लेता है। अपने सीनियर से सांठ-गांठ करके क्षेत्र में वह भीषण तरीके से अवैध वसूली में लिप्त बताया जा रहा है। बीते दिनों जसपुर क्षेत्र में वह अवैध वसूली को लेकर विवादों में रहा लेकिन इसके बावजूद भी आबकारी के जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले का संज्ञान नहीं लिया। यहां देसी अंग्रेजी शराब की दुकानों से अनियमितताओं के एवज में 5 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह सुविधा शुल्क के रूप में अवैध वसूली की सूचना है। इसके अलावा क्षेत्र के दर्जनों होटल/ढाबों व रेस्टोरेंट्स आदि में शराब पिलाए जाने के बदले आबकारी सुविधा शुल्क वसूल करती बताई जा रही है।

# वरिष्ठ पत्रकार भरत सिंह चुफाल के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार भरत सिंह चुफाल के आकस्मिक निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पत्रकारों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों में गहरा दु:ख व्याप्त हो गया। उनके



निधन को पत्रकारिता के लिए एक बड़ा अभाव माना जा रहा है। पत्रकार प्रेस महासंघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भरत सिंह चुफाल एक निर्भीक, निष्पक्ष, ईमानदार एवं मिलनसार वरिष्ठ पत्रकार थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। वक्ताओं ने प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो। शोक सभा में अशोक गुलाटी, परम पाल सुखीजा, जगदीश चंद्र, दीपक कुकरेजा, उर्वादत्त भट्ट, जिला अध्यक्ष नैनीताल सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। सभा के अंत में सभी ने दिवंगत पत्रकार के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# अंबेडकर पार्क व स्मृति द्वार का किया शिलान्यास

गूलरभोज (उद संवाददाता)। गांधी आश्रम के निकट स्थित मैदान में नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क एवं स्मृति द्वार निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस परियोजना पर लगभग 60 लाख रुपये की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ महापुरुषों की स्मृति को भी संजोया जा सकेगा। वार्ड नंबर 5 में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और उनके द्वारा निर्मित संविधान की महत्ता को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत



क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और गुणवत्ता के साथ इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। स्मृति द्वार के बनने से वार्ड की पहचान और भव्यता में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद बलराम मंडल, इंद्र सिंह राठौड़, राजू सिंह, नरेश घरामी, पूनम आर्य, भूपेंद्र आर्य, बाबू सिंह तोमर, लखविंदर सिंह लक्खा और गोविंद राजभर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से इस तरह के पार्क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है।

# हज यात्रियों को पूर्व विधायक ने दी शुभकामनाएं

किच्छा (उद संवाददाता)। हज के मुकद्दस सफर पर रवाना होने वाले आजमीने-हज (हज यात्रियों) का नगर में गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं निवर्तमान मेंबर संदीप अरोरा ने हज यात्रियों को फूल- मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं और उनके सुरक्षित एवं मंगलमय सफर की दुआ की।



कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हज इस्लाम का एक पवित्र धार्मिक कर्तव्य है, जो भाईचारे, इंसानियत और आपसी प्रेम का संदेश देता है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि हज यात्रा पर जाने वाले लोग अपने साथ पूरे देश और समाज की अमन-चौन एवं खुशहाली की दुआएं लेकर जाते हैं। उन्होंने यात्रियों से मुल्क की तरक्की और आपसी सौहार्द के लिए विशेष दुआ करने की अपील की। इस मौके पर मौजूद लोगों ने हज यात्रियों को विदा करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य और सकुशल वापसी की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नाजिम मलिक, हफीज मलिक, डॉ. जफर, शकील मलिक, जावेद मलिक, फैम हाफिज , खालिद भाई, मुअज्जम भाई एवं हाफिज मुजीब अहमद सहित कई गणमान्य लोग और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। पूरा आयोजन आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करता नजर आया।

# ऑक्सफोर्ड के चार बच्चों का नेशनल के लिये चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऋषिकेश में आयोजित उत्तराखण्ड स्टेट म्यू माई चैम्पियनशिप में ऑक्सफोर्ड ऐकेडमी, रूद्रपुर के चार विद्यार्थियोंने विभिन्न पदक प्राप्त कर नेशनल लेबल चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है। इस प्रतियोगिता मेंयोगेन्द्र यादव कक्षा 11 के छात्र ने गोल्ड मेंडल अमन राठौर कक्षा 11 ने सिल्वर तथा हर्षित यादव एवं अरूण राठौर कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने ब्रोन्ज मेडल प्राप्त कर पूरे विद्यालय परिवर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों ने मुख्य कोच सी०के० जोशी के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अभूतपूर्व सफलता हासिल की। विद्यार्थियों के इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबन्ध समिति ने विद्यार्थियों, उनके मुख्य प्रशिक्षक सी० के० जोशी तथा मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के



माता-पिता को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री जोशी जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में पूरे मनोयोग से सहभागिता भी जरूरी है। खेलों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिये राज्यस्तर ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कई अवसर उपलब्ध है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सदस्य रोताश बत्रा, वैभव बत्रा, सुरेन्द्र मिढढा, अमित जिन्दल, श्रीमती प्रीती पपनेजा व प्रधानाचार्य के एस नेगी, उप प्रधानार्चा सी० एम० जोशी एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कोमल का नवोदय में हुआ चयन

नानकमत्ता। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुनखरी में अध्ययनरत कक्षा 5 की मेधावी छात्रा कोमल बिष्ट ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा



में सफलता हासिल की है। छात्रा ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।कोमल बिष्ट पुत्री हयात सिंह बिष्ट की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, उप शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक जसविंदर मेहता, सहायक अध्यापक चंद्रकांत राय, शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष राखी राणा, ग्राम प्रधान सरिता राणा तथा पूर्व बीडीसी हरनाम सिंह उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सैनकों का बलिदान...**खड़ी है। उत्तराखंड सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम शौर्य स्थल(सैन्य धाम) के रूप में पांचवें धाम का निर्माण कर रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को हमारे शहीदों की वीरता की प्रेरणा देता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के वीरों की गाथा इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी और हम उनके ऋण को कभी नहीं चुका सकते। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की पहचान वीर सैनिकों और उनके बलिदान से है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है तथा सैनिक कल्याण विभाग लगातार पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के हित में योजनाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने भारतीय सेना की क्षमता और अनुशासन को विश्व स्तर पर स्थापित किया है। गणेश जोशी ने कहा कि सेना के जवान सीमाओं पर कठिन परिस्थितियों में रहकर देश की रक्षा करते हैं, इसलिए समाज और सरकार दोनों का दायित्व है कि उनके परिवारों का सम्मान और सहयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सैनिकों का त्याग और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए कहा कि उनका योगदान राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। कार्यक्रम में सेना के बैंड द्वारा देशभक्ति की धुनों की प्रस्तुति दी गई, जिसने माहौल को भावुक और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सैनिकों के शौर्य और बलिदान को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सैन्य अधिकारी, वीर नारियां, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**बुटीक की आड़ में ...** दोनों आरोपी लंबे समय से इस नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। जांच में यह भी सामने आया है कि पहाड़ी क्षेत्रों से मैदानी इलाकों तक चरस की सप्लाई की जा रही थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इससे पहले कितनी खेप हल्द्वानी लाई गई और किन क्षेत्रों में इसकी आपूर्ति की गई। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने शक से बचने के लिए टेलरिंग और बुटीक के काम को आड़ बनाया हुआ था। सामान्य दुकान की तरह संचालित हो रहे इस बुटीक पर किसी को संदेह नहीं था। संयुक्त टीम की कार्रवाई के बाद इलाके में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी ने कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिलाई और बुटीक की आड़ में चल रहे इस अवैध कारोबार का खुलासा कर पुलिस ने एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**धर्मांतरण मामलों की जांच....**विरुद्ध दुष्प्रचार कर और बीमारी ठीक करने का झांसा देकर परिवार पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। द्वितीय प्रकरण नानकमत्ता का है, जहाँ सोहन सिंह ने गौरी सिंह एवं उसके साथियों पर चर्चनुमा ढांचा बनाकर मसीह धर्म का प्रचार करने और पांच लाख रुपये का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। इस मामले में उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। तृतीय प्रकरण भी खटीमा क्षेत्र का है, जिसमें अंकित सिंह राणा ने पास्टर दान सिंह राणा पर थारू समाज के लोगों को गुमराह करने और हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाकर ईसाई धर्म अपनाने हेतु प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में भी पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने इन सभी मामलों की निष्पक्ष और प्रभावी जांच हेतु एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। एसआईटी का पर्यवेक्षण पुलिस उपाधीक्षक विभव सैनी करेंगे। इस टीम में संबंधित अभियोगों के विवेचक, थाना प्रभारी और एसओजी की सर्विलांस टीम को शामिल किया गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति भय, दबाव या लालच देकर धर्म परिवर्तन का प्रयास करता है, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**फंदे पर लटका मिला...**हुआ मिला। पुलिस ने कमरे का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता सतनाम सिंह भाजपा से जुड़े हुए हैं।

**चारधाम यात्रा से लौटे...**कुल 25 लोग सवार थे। अन्य यात्रियों को मामूली खरोंचें आई हैं और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैंपुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं यात्रियों को दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।हादसे में घायल यात्रियों में सोनम गुप्ता पुत्री ज्ञानचंद उम्र 28 वर्ष, मुन्नी देवी पत्नी ज्ञानचंद उम्र 56 वर्ष, चंद्र प्रकाश गुप्ता पुत्र रामचरण उम्र 62 वर्ष, संजय चौरसिया पुत्र पन्नालाल उम्र 59 वर्ष, सीता देवी पत्नी राम प्रसाद उम्र 38 वर्ष, कुमारी शबनम पत्नी अभिमन्यु उम्र 32 वर्ष तथा मनीष गिरी उम्र 44 वर्ष शामिल हैं। सभी घायल लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के निवासी बताए गए हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैने वर्ष 2020 की इंटरमीडिएट परीक्षा (अनुक्रमांक 20509240) सनातन धर्म कन्या इंटर कालेज रूद्रपुर,उधम सिंह नगर से उत्तीर्ण की थी, जिसका प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूल प्रति वास्तव में रूद्रपुर में कहीं गिरकर खो गयी है जो कि काफी खोजबीन के पश्चात भी नहीं मिल सकी।

किरन पुत्री श्री महावीर, निवासी-इन्द्रा कालोनी, वार्ड नं. 15, गली नं.-6, रूद्रपुर ,जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रुद्रपुर के महापौर की उत्तराखंड में ऐतिहासिक पहल

## 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का शुभारंभ, जनता के बीच पहुंच मौके पर ही निस्तारित की जनसमस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आम जनता की समस्याओं के समाधान और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा ने उत्तराखंड में एक अभिनव पहल करते हुए 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का शुभारंभ किया। अभियान की शुरुआत सोमवार को वार्ड संख्या 11, संजय नगर खेड़ा बस्ती स्थित बसंती पूजा मैदान से की गई। महापौर की इस सराहनीय पहल के तहत आयोजित पहले बहुद्देशीय शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों ने एक ही स्थान पर अपनी सेवाएं उपलब्ध कराईं। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। महापौर विकास शर्मा ने घोषणा की कि अब प्रत्येक सोमवार को शहर के अलग-अलग वार्डों में इसी प्रकार के बहुद्देशीय शिविर लगाए जाएंगे, ताकि नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में नगर निगम, विद्युत विभाग, जल संस्थान, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा तथा आयुष्मान भारत योजना सहित कई विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन और संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में स्वयं मौजूद रहे और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, पेंशन, सफाई व्यवस्था सहित अनेक जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एक शिकायतकर्ता ने अत्यधिक बिजली बिल आने की समस्या रखी, जिस पर महापौर ने विद्युत विभाग की टीम को तत्काल मौके पर जाकर मीटर की जांच करने और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।











## जनता से किया वादा निभा रहा हूं: विकास शर्मा

रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से वादा किया था कि नगर निगम स्वयं उनके द्वार तक पहुंचेगा और समस्याओं का समाधान करेगा। इसी संकल्प को साकार करने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना भी है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आह्वान पर शासन-प्रशासन और संगठन मिलकर योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। नगर निगम इसी दिशा में सरकार और जनता के बीच एक सेतु की भूमिका निभा रहा है महापौर ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में रुद्रपुर तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और विकास कार्य जनता की प्राथमिकताओं के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहितों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि 'महापौर जनता के द्वार' कार्यक्रम जनभावनाओं के सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद लोग अक्सर सरकारी कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते, ऐसे में वार्ड स्तर पर आयोजित शिविर उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, राजू नबियाल, पार्षद पवन राणा, चिराग कालरा, राधेश शर्मा, नित्तो राय, राजेश पाल, अभिज्ञान राय, सुचित्र सरकार, जितेंद्र कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।







## 'समर्पण-द टैलेंट शो' में लिटिल किंगडम के बच्चों ने बिखेरा जलवा

### हंसेश्वरी भारती महाराज को समर्पित रहा कार्यक्रम, प्रतिभागियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मदर्स डे के पावन उपलक्ष्य में आयोजित "समर्पण ख्र द टैलेंट शो" कार्यक्रम को वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी हंसेश्वरी भारती महाराज (स्वर्ग फार्म वाले देवी) को समर्पित किया गया। वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम, वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी की अधिष्ठात्री देवी के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से यह सांस्कृतिक आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल के प्रांगण में लवी अकादमी के सौजन्य से लक्ष्य शर्मा एवं विकास शर्मा द्वारा आयोजित इस भव्य सिंगिंग एवं डांस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए 80 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक हरेंद्र पुरी, प्रशासिका परविंदर पुरी एवं वैष्णव भजन मंडल के भक्तों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के सिंगिंग वर्ग के सब जूनियर्स वर्ग में चिन्मय अनेजा (आर.ए.एन.) ने प्रथम, मानव बबली (लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल) ने द्वितीय एवं आरिश खान (लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर्स वर्ग में आयुष्मान चौबे (जेसीज) प्रथम, निखिल पाल (रेनबो) द्वितीय एवं शिवांश सारस्वत (माउंट लिटेरा) तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर्स वर्ग में साई जोशी (जेसीज) ने प्रथम, पारिधि अग्रवाल (अमेनिटी) ने द्वितीय एवं वेदांशी अग्रवाल (माउंट लिटेरा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।डांस प्रतियोगिता के सब जूनियर्स वर्ग में वृंदा (एलकेपीएस) प्रथम, गुंगुन (एलकेपीएस) द्वितीय एवं मायशा (एलकेपीएस) तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर्स वर्ग में अक्षिता (माउंट लिटेरा) ने प्रथम, आद्रिका (माउंट लिटेरा) ने द्वितीय एवं आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर्स वर्ग में संस्कृति (माउंट लिटेरा) प्रथम, शिविका (कोलंबस) द्वितीय एवं वरेन्या (माउंट लिटेरा) तृतीय स्थान पर रहीं।सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह, आत्मविश्वास एवं कला के प्रति समर्पण देखने योग्य रहा। रंगारंग प्रस्तुतियों और शानदार आयोजन ने सभी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया।









